छत्तीसगढ़ विधान सभा

जुलाई, 2009 सत्र

दैनिक कार्य सूची

मंगलवार, दिनांक 28 जुलाई, 2009 (श्रावण 6, 1931)

समय 11:00 बजे दिन

1. प्रश्नोत्तर

पृथकत: वितरित सूची में सम्मिलित प्रश्न पूछे जायेंगे तथा उनके उत्तर दिये जायेंगे.

2. नियम 138 (1) के अधीन ध्यानआकर्षण

(1) श्री नंद कुमार पटेल, सदस्य, जिला रायगढ़ के खरसिया नगरपालिका क्षेत्र में वृद्धावस्था पेंशन का वितरण न किये जाने की ओर महिला एवं बाल विकास मंत्री का ध्यान आकर्षित करेंगे.

(2) श्री संतोष बाफना, सदस्य, जिला बस्तर में टाटा इस्पात संयंत्र के प्रभावितों को मुआवजा वितरण में अनियमितता किये जाने की ओर राजस्व मंत्री का ध्यान आकर्षित करेंगे.

3. याचिकाओं की प्रस्तुति

(1) श्री सौरभ सिंह, सदस्य, जिला-जांजगीर-चाम्पा के विकासखण्ड बलौदा अंतर्गत ग्राम खौजा में अनुसूचित जाति छात्रावास खोलने,

(2) श्री संतोष बाफना, सदस्य, जगदलपुर विधान सभा क्षेत्र अंतर्गत -
- (i) विकासखण्ड दरभा के ग्राम मोटल टेमरूपारा में विद्युतीकरण करने,
- (ii) ग्राम पंचायत हाटपदमुर के आवास पारा में विद्युतीकरण करने,
- (iii) ग्राम पंचायत कुरंदी के डोंगरीगुड़ा पारा में विद्युतीकरण करने,
- (iv) विकासखण्ड दरभा के ग्राम पंचायत लेन्ड्रा के टिकरापारा में विद्युतीकरण करने,
- (v) ग्राम पंचायत कोलावाड़ा के पटेल पारा में विद्युतीकरण करने,

(3) श्रीमती सरोजा मनहरण राठौर, सदस्य, सक्ती विधान सभा क्षेत्र के विकासखण्ड बलौदा अंतर्गत -
- (i) ग्राम कुरदा में संचालित कन्या हाई स्कूल को हायर सेकण्डरी स्कूल में उन्नयन करने,
- (ii) ग्राम कोसमंदा को नगर पंचायत का दर्जा देने,
- (iii) ग्राम सिवनी को नगर पंचायत का दर्जा देने,

(4) श्री कुलदीप सिंह जुनेजा, सदस्य, ढेबर पिंक सिटी, न्यू गायत्री नगर, रायपुर में नल कनेक्शन द्वारा पेयजल की आपूर्ति करने तथा

(5) श्री बिरेन्द्र कुमार साहू, सदस्य, गुण्डरदेही विधान सभा क्षेत्र अंतर्गत ग्राम ओड़ारसकरी में हाई स्कूल भवन निर्माण करने के संबंध में याचिकायें प्रस्तुत करेंगे.

4. नियम 139 के अधीन अविलंबनीय लोक महत्व के विषय पर चर्चा

निर्धारित समय

1 घंटा30 मिनट (1) प्रदेश में नक्सली गतिविधियों में वृद्धि होने से उत्पन्न स्थिति के संबंध में सर्वश्री अजीत जोगी, नंद कुमार पटेल, धर्मजीत सिंह, मोहम्मद अकबर, डॉ. सुभाऊ कश्यप, सदस्य, चर्चा उठायेंगे.

1 घंटा30 मिनट (2) प्रदेश में अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति तथा अन्य पिछड़े वर्ग के जाति प्रमाण-पत्र सरलतापूर्वक न बन पाने से उत्पन्न स्थिति के संबंध में श्री रविन्द्र चौबे, डॉ. हरिदास भारद्वाज, सदस्य, चर्चा उठायेंगे.

1 घंटा30 मिनट (3) प्रदेश में अवैध शराब की बिक्री होने से उत्पन्न स्थिति के संबंध में श्री देवजी पटेल, सदस्य, चर्चा उठायेंगे.

रायपुर

दिनांक 27 जुलाई, 2009

देवेन्द्र वर्मा
सचिव.